तेरी बिगड़ी बन जाएगी

तेरी बिगड़ी बन जाएगी तू जय माता की बोल,
जय माता की बोल प्यारे क्या लगे तेरा मोल.....

मैया जी का नाम बन्दे जिसमे प्रेम से गाया,
उसको माँ शेरावाली ने अपने धाम बुलाया,
उसको मुक्ति मिल जाएगी तू जय माता की बोल,
तेरी बिगड़ी बन जाएगी तू जय माता की बोल........

कमा कमा के दौलत तूने भरली खूब तिजोरी,
भूल गया है मिली है तुझको आयु बहुत ही थोड़ी,
माया काम नही आएगी तू जय माता की बोल,
तेरी बिगड़ी बन जाएगी तू जय माता की बोल........

पांच तत्व से बनी है मिलकर तेरी सुंदर काया,
विषय भोग में पड़ कर तूने इसको बहुत गवाया,
काय मिट्टी में मिल जाएगी तू जय माता की बोल,
तेरी बिगड़ी बन जाएगी तू जय माता की बोल........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31237/title/teri-bigdi-ban-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |